राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गणतंत्र दिवस कैम्प से लौटे एनसीसी कैडेट्स के लिए राजभवन में एटहोम

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया कैडेट्स का उत्साहवर्धन

राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं सैन्य प्रवृत्ति विकसित करने में एनसीसी का महत्वपूर्ण योगदान – राज्यपाल

जयपुर, 02 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस कैम्प एवं परेड में भाग लेकर लौटे राजस्थान के 34 एनसीसी कैडेट्स के उत्साहवर्धन के लिए आज यहां राजभवन में उन्हें एटहोम दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने गणतंत्र दिवस कैम्प एवं परेड में भाग लेकर लौटे कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना, अनुशासन एवं सैन्य प्रवृत्ति विकसित करने में एनसीसी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि चाहे प्राकृतिक आपदा हो या अन्य कोई आपात परिस्थिति, एनसीसी कैडेट्स पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में भी एनसीसी कैडेट्स ने एक बार फिर इसी भावना का परिचय देते हुए राहत कार्यों एवं जनजागृति अभियान में जो सहयोग किया वह सराहनीय है।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि करगिल युद्ध के समय उन्हें शहीदों के परिवारों में जाने का अवसर मिला था, राजस्थान के युवाओं में सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का जो जज्बा है, वह उस वक्त गहरे से महसूस हुआ था। उन्होंने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निखार कर, उनमें निर्णय क्षमता विकसित कर और आवश्यक गुणों का विकास कर इस जज्बे को सकारात्मक दिशा दे रहा है।

एनसीसी निदेशालय राजस्थान के उप महानिदेशक कर्नल पी. एस. राठौड़ ने इस अवसर पर आरडी कैम्प की तैयारियों, कैडेट्स की मेहनत तथा प्रदेश में एनसीसी की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीनियर अन्डर ऑफिसर रणजीत सिंह गुर्जर ने गणतंत्र दिवस परेड में पूरे भारत से आए कैडेट्स की एनसीसी टुकड़ी का नेतृत्व किया।

सीनियर कैडेट कैप्टन कृष्णांशु मिश्रा एवं सार्जेन्ट नीतू पालीवाल ने आरडी कैम्प के अपने अनुभव साझा किये।

राज्यपाल ने कार्यक्रम के समापन पर सभी कैडेट्स के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया।

इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य, राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, एनसीसी के अधिकारी, कर्मचारी एवं कैडेट्स उपस्थित थे।

—